	उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग हरिद्वार–249404 *Website: www.ukpsc.gov.in*	☎ 📱	(01334) 244143 (01334) 244282 07060002410
विज्ञप्ति संख्या :: 155/46/E-1/DR(PCS)/2020-21		दिनाँक 12 जनवरी, 2022	

शुद्धि–पत्र

(उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021)

उत्तराखण्ड शासन के पत्र सं0–14/XXX(2)/2021–30(10)2021 दिनांक 04 जनवरी, 2022 के अनुक्रम में सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021'' के अन्तर्गत सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्याः A-1/E-1/PCS-2021/2021-22 दिनाँक 10 अगस्त, 2021 एवं अतिरिक्त विज्ञापन/शुद्धि पत्र दिनाँक 07 दिसम्बर, 2021 द्वारा विज्ञापित केवल डिप्टी कलेक्टर एवं कार्य अधिकारी के रिक्त पदों के सापेक्ष संगत सेवानियमावली में उल्लिखित प्राविधानानुसार अभ्यर्थियों को उच्चतर आयुसीमा में क्रमशः 04 वर्ष एवं 01 वर्ष की छूट प्रदान करते हुए एवं अन्य पदों के लिए समस्त शर्तो को यथावत रखते हुए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

2. उक्त के क्रम में सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021 के रिक्त पदों के सापेक्ष अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर लिंक खोले गये हैं, जिसकी महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् है–

ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारम्भ तिथि	::	13 जनवरी, 2022
ऑनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि	::	02 फरवरी, 2022 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)

3. अतिरिक्त विज्ञापन/शुद्धि पत्र के माध्यम से विज्ञापित डिप्टी कलेक्टर (कार्मिक विभाग) पद के सापेक्ष संगत सेवानियमावली में उल्लिखित प्राविधानानुसार जिन कलैण्डर वर्षो में प्रश्नगत पद हेतु विज्ञप्ति जारी नहीं की गयी है, उन वर्षो की छूट प्रदान करते हुए अभ्यर्थियों को प्रश्नगत पद के सापेक्ष उच्चतर आयुसीमा में 04 वर्ष की छूट प्रदान की जा रही है।

4. उक्त के अतिरिक्त कार्य अधिकारी की संगत सेवा नियमावली में उल्लिखित प्राविधानानुसार ''ऐसे अभ्यर्थी जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाज सेवा का डिप्लोमा रखते हों', को प्रश्नगत पद के सापेक्ष उच्चतर आयु सीमा में 01 वर्ष की छूट प्रदान की जा रही है।

5. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष अपनी आरक्षण श्रेणी हेतु विहित अधिकतम आयु सीमा पार कर अधिवयस्क हो चुके है, तथा इस शुद्धि पत्र द्वारा डिप्टी कलेक्टर एवं कार्य अधिकारी पद हेतु प्रदत्त अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ लेकर आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें चयन प्रक्रिया में मात्र डिप्टी कलेक्टर व कार्य अधिकारी पद हेतु, यथास्थिति विचार किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त **उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021** हेतु पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या :: A-1/E-1/PCS-2021/2021-22, दिनाँक 10 अगस्त, 2021 एवं अतिरिक्त विज्ञापन/शुद्धि पत्र दिनाँक 07 दिसम्बर, 2021 की शेष समस्त शर्तें यथावत् रहेंगी।

S/d-
(कर्मेन्द्र सिंह)
सचिव।